# 25. कहानी-लेखन

कहानी-लेखन भाषा की एक रोचक तथा कलात्मक विधा है। कहानियाँ सभी को बहुत भाती हैं। जो लोग कहानी पढ़ना या सुनना पसंद करते हैं, वे कहानी लिखना भी जल्दी सीख जाते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को कहानी-लेखन के मुख्य बिंदु बताएँ।
- यदि छात्रों को कोई कहानी याद हो तो सुनाएँ।
- पूछें, उन्हें किस प्रकार की कहानियाँ पसंद हैं। क्या उन्हें कहानी लिखना अच्छा लगता है आदि बातचीत द्वारा बच्चों की रोचकता बनाए रखें।
- पाठ पृष्ठ 164-166 पर दी गई कहानियाँ पढ़वाएँ। सभी छात्रों से थोड़ा-थोड़ा अंश पढ़ने को कहें।
- अभ्यास के लिए दिए गए कहानी के चित्रों पर चर्चा करते हुए उसमें छिपी कहानी जानने का प्रयास करें। तदुपरांत छात्रों से कहानी लिखने को कहें।
- छात्रों की लेखन अभिव्यक्ति को जाँचें। कहानी शिक्षा पर भी चर्चा करें।